हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 8 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

अब निर्माण कार्यों की होगी मॉनिटरिंग, गुणवत्ता में समझौता तो निबटेंगे अधिकारी और ठेकेदार

4



## खबर संक्षेप

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम अबीरा निवासी स्व. फूलमनी बाई का डेम में डूबने से 24 दिसम्बर 2022 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र विक्टोर कुजूर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### बीटी पेंच रिपेयर कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** लोक निर्माण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर संभाग अंतर्गत चल रहे बीटी, पेंच रिपेयर कार्य कुल लंबाई 220.70 किलोमीटर हेतु राशि 4.50 लाख का स्वीकृति प्राप्त हुआ है। वर्तमान में बीटी पेच रिपेयर कार्य प्रगति पर है। जिनमें सरईपानी-बगीचा मार्ग में 17 किलोमीटर एवं दोदरअम्बा-ढुलूकोना मार्ग 4 किमी में कुल लंबाई 21.00 किमी में बीटी पेच रिपेयर कार्य 5 नवंबर तक पूर्ण कराया जा चुका है तथा शेष किलोमीटर को माह दिसंबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

### कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सीखा स्वस्थ जीवन का पाठ

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में विगत दिवस एक दिवसीय स्वास्थ्य एम्बेस्टर कार्यशाला का आयोजित की गई। एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन का पाठ सिखा। यूनिसेफ, एसीई संस्था और जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में कुल 48 शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में विशेष अतिथि के तौर पर राज्य समन्वयक यूनिसेफ आशीष, एसीई संस्था सेक्रेटरी महेश, सहायक संचालक सरोज खलखो, जिला समन्वयक यूनिसेफ शास्त्री कुमार, जिला समन्वयक एसबीएम मदन प्रेमी मौजूद रहे।

### ग्राम कुरडीह में ग्रामीण के घर से 4 सौ बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुसमी तहसील अंतर्गत एक ग्रामीण के घर में अवैध रूप से भण्डारित 400 बोरी धान जब्त करने में सफलता हासिल की है। एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम कुरडीह निवासी रहमत अंसारी के घर की जांच की तो कमरे में 400 बोरी अवैध धान मिला। संयुक्त टीम ने घर के कमरे में भण्डारित अवैध धान को जब्त कर मंडी अधिनियम की कार्रवाई की है।

### महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कुसमी।** महिला के अकेलेपन का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर के भोर में 4 बजे वह शौच कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान नीलकंठपुर का विनय उरांव उसे पकड़कर अपने घर ले गया जहां पूरे दिन व रातभर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उसने धमकी दी कि तुम्हारा पीटीआई काम करने बाहर गया हुआ है इस लिए इसकी जानकारी किसी को बत देना। वहीं आरोपी ने 25 से 26 अक्टूबर तक महिला को अर्रा डोंगरी जंगल में दो दिनों तक जबरन दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की शिकायत 5 नवंबर को पुलिस से की। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद थाना अंतर्गत ग्राम नीलकंठपुर निवासी विनय आ. मुंशी उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2)(एम), 127(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

पर्यटकों के लिए ग्राम केरे में होम स्टे की सुविधा उपलब्ध

## पर्यटक जशपुर की संस्कृति, खान-पान का ले रहे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जिला प्रशासन ने किया है जशपुर जम्बुरी का आयोजन

जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जम्बुरी का आयोजन 6 से 9 नवम्बर तक किया गया है। जहां पर्यटकों को रूकने के लिए होम स्टे की सुविधा दी गई है। भिलाई से वरिष्ठ नागरिक का परिवार जशपुर जम्बुरी में शामिल होकर जशपुर की सुन्दर वादियों, संस्कृति, खान-पान का आनंद उठा रहे हैं।

जशपुर विकास खंड के ग्राम केरे में 8 होम स्टे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जहां पर्यटकों को सारी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है। पर्यटकों ने जशपुर जम्बुरी के रहने, नाश्ता भोजन की सुविधा की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की यह एक अच्छी पहल है। यहां होटल के बजाय घर का बना हुआ स्वादिष्ट खाना मिल रहा है। आमतौर पर यह होटल से सस्ता होता है। परिवार जैसा माहौल मिल रहा है। मेज़बान बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। भारत में कई होम स्टे गांवों या पहाड़ी इलाकों में होते हैं। हिमाचल, उत्तराखंड, केरल, सिक्किम, ⏭ शेष पेज 4 पर





### रोमांच, प्रकृति और आनंद से सराबोर रहा दूसरा दिन

'जशपुर जम्बूरी 2025' के दूसरे दिन मयाली नेचर कैंप में रोमांच, उत्साह और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। मयाली डैम के जलाशय में दिनभर वाटर स्पोर्ट्स का रोमांच छाया रहा। जहां प्रतिभागियों ने वाटर साइकलिंग, कयाकिंग और बोटिंग का भरपूर आनंद लिया। जशपुर की शांत वादियों में पानी के साथ यह साहसिक अनुभव ⏭ शेष पेज 4 पर



## पूर्व आयकर कमिश्नर बरूआ ने कांग्रेस पार्टी का थामा हाथ, की सदस्यता ग्रहण

**पत्थलगांव।** पूर्व आयकर कमिश्नर सुमन बरूआ ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया है। आरती सिंह ने कहा कि सुमन बरूआ के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से निश्चित ही पार्टी को लाभ मिलेगा।

पंचायती धर्मशाला पत्थलगांव मे प्रदेश महामंत्री आरती सिंह के समक्ष कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पवन अग्रवाल, कुलविंदर सिह भाटिया, महेन्द्र अग्रवाल, रवि शर्मा, सुमित शर्मा, माधव शर्मा, चन्द्रशेखर त्रिपाठी, हंसराज अग्रवाल, अनिता खाखा, प्रदीप सिंह ठाकुर, नीरज गुप्ता, मो. निजामुद्दीन, मयंक रोहिला, मनोज तिवारी, अंकित शर्मा, राजू गुप्ता, एवं युवक कांग्रेस के तमाम साथियों की उपस्थिति में पूर्व आयकर कमिश्ननर सुमन बरूआ ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। सुमन बरूआ ने अपना जीवन परिचय बताते हुए कहा कि वह ग्राम पंचायत ढारेन के गांव जुडवाइन, दुलदुला, ⏭ शेष पेज 4 पर

## संभाग स्तरीय सरस मेला: दिखा महिला सशक्तिकरण का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ ग्रामीण महिलाओं के स्वदेशी उत्पादों की बढ़ी मांग

"महिलाओं का हुनर, जशपुर का गौरव" थीम पर आयोजित संभाग स्तरीय सरस मेला 2025 में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। यहां ग्रामीण महिलाओं के स्वदेशी उत्पादों की मांग बढ़ी है। विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम मयाली में 6 से 9 नवंबर तक आयोजित इस मेले में सरगुजा संभाग के सभी जिलों जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से आई स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपने हुनर और मेहनत का प्रदर्शन कर रही हैं।

मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना, पारंपरिक ज्ञान और कौशल को पहचान दिलाना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यहां 15 से अधिक स्टॉलों के माध्यम से स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित वस्तुएं, बांस उत्पाद, मिलेट आइटम, वस्त्र निर्माण, मसाले और आचार-पापड़ जैसे अनेक घरेलू उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है। मेला स्थल पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।



### नारी शक्ति को दिला रही नई पहचान

सरस मेला न केवल महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन का अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला सशक्त मंच भी बन रहा है। इस आयोजन से महिलाओं को रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का अवसर मिल रहा है। मेला के माध्यम से "बिहान" मिशन की परिकल्पना, सशक्त महिला, सशक्त ग्राम साकार होती दिखाई दे रही है। यह मेला महिलाओं के आत्मविश्वास, मेहनत और कौशल का उत्सव है, जो जशपुर सहित पूरे सरगुजा संभाग में नारी शक्ति की नई पहचान बना रहा है।

### सिलाई से होती है हजारों की आमदनी

सरगुजा जिले के मेंड्रा क्लस्टर की गायत्री रजवाड़े और नगमा खातून सरस मेला में हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर, जीरा फूल, चावल, दाल, बाजरा, गेहूं आटा और बेसन की बिक्री कर रही हैं। बलरामपुर जिले के शांति स्व-सहायता समूह की नीतू मंडल ने बताया कि उनके समूह की महिलाएं नाइटी, ब्लाउज, कुर्ती बनाती हैं। जिससे समूह को 60 से 70 हजार रुपए की आमदनी होती है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की ईशा रजक, सिद्धबाबा महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) ग्राम नागपुर सेमरा से जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि जीरा फूल चावल, आचार, दाल और पापड़ की बिक्री से वे अब लखपति महिला उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं। सूरजपुर जिले की बुद्धमनिया रजवाड़े ने बताया कि समूह में शामिल होने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अब वे अपने परिवार का भरण-पोषण आत्मसम्मान के साथ कर रही हैं। जशपुर कांसाबेल की रानी मुस्कान स्व-सहायता समूह जीरा फुल राइस, बांस टोकरी, सजावटी सामान, माला, ईयरिंग, पापड़ और आचार की बिक्री कर रही हैं।

### आरक्षक ट्रेड टेस्ट का आयोजन 17 से

**जशपुरनगर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सरगुजा रेंज के जिला इकाई सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में रिक्त आरक्षक ट्रेड संवर्ग के पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 10वीं वाहिनी, छसबल, सिलफिली, जिला सूरजपुर के ग्राउण्ड में 17 नवंबर से आयोजित होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुज़ा एवं अध्यक्ष चयन समिति सरगुज़ा रेंज ने बताया कि आरक्षक ट्रेड (चालक) के अभ्यर्थी हेतु निर्धारित तिथि 17 नवंबर, आरक्षक ट्रेड (कुक एवं वाटर कैरियर) अभ्यर्थी हेतु निर्धारित तिथि 18 नवम्बर एवं शेष अन्य विज्ञापित आरक्षक ट्रेड के अभ्यर्थी हेतु निर्धारित तिथि 19 नवम्बर है। अभ्यर्थियों को ट्रेडवार निर्धारित तिथि पर प्रातः 7 बजे तक अनिवार्य रूप से भर्ती ग्राउण्ड (10वीं वाहिनी छसबल सिलफिली, जिला सूरजपुर) में उपस्थित होना होगा।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन ओपन नॉक आउट स्पर्धा 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ सलियाटोली कुनकुरी में होगा आयोजन, पंजीयन की अंतिम तिथि 18 नवंबर

जिला बैडमिंटन संघ जशपुर द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन ओपन नॉक आउट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 22 एवं 23 नवंबर को मिनी इंडोर स्टेडियम सलियाटोली कुनकुरी में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 18 नवंबर निर्धारित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजेता पुरस्कार 11 हजार रूपए नगद राशि, ट्राफी एवं राज्य स्तरीय बैडमिंटन सीनियर ओपन प्रतियोगिता के मुख्य रूप में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह उपविजेता पुरस्कार की 5100 रूपए नगद राशि एवं ट्राफी है। यह प्रतियोगिता केवल जशपुर जिले के खिलाड़ियों के लिए आयोजित है। जिले से बाहर के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। किसी भी कार्यक्रम में 15 से कम पंजीयन होने पर कार्यक्रम निरस्त किया जाएगा। सभी खिलाडियों को पंजीयन के समय ही अपना आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा। प्रतियोगिता हेतु निर्धारित दिवस को बैच प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व खिलाड़ी की उपस्थिति की जानकारी समिति को देनी होगी। निर्धारित समय में उपस्थित नहीं होने पर वॉक ओवर माना जाएगा। संपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ी की यूनिफार्म एवं नॉन मार्किंग जूते पहनना अनिवार्य होगा। सभी मैच योनेक्स 350 शटल से होगा। किसी भी विवाद में कौल समिति एवं निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। खेल स्थल पर रियायती दर पर चाय, काफी, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराया जाएगा।

## शिव मंदिर से जैन मंदिर तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर के सौंदर्यीकरण और आधारभूत संरचना के विकास को गति देने के उद्देश्य से शिव मंदिर से जैन मंदिर तक सड़क किनारे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को किया गया। विधायक राममुनी भगत एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत ने नगर पालिका परिषद के पार्षदों एवं नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक राममुनी भगत ने कहा कि जशपुर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर राशि उपलब्ध कराई जा रही है। नगर के प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण और सड़कों का निर्माण प्राथमिकता में है। अध्यक्ष अरविन्द भगत ने बताया कि नगर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



**इन कार्यों के लिए राशि स्वीकृतः** नगरपालिका परिषद जशपुर द्वारा स्वीकृत प्रमुख विकास कार्यों में गम्हरिया प्रवेश द्वार से जूदेव प्रतिमा तक बी.टी. रोड निर्माण 1.52 लाख रूपए, कलेक्टर बंगला से महाराजा चौक तक बी.टी. रोड 50 लाख, बबलू होटल से मीनू जैन के मकान तक बीटी रोड 20.45 लाख, श्याम सहाय के घर से रामनिवास अग्रवाल के घर तक बीटी रोड 20 लाख, जयस्तंभ चौक से विष्णु बगान तक बीटी रोड 54.60 लाख, निक्की चौक से सेमर तालाब तक बीटी रोड 45.38 लाख, ज्योति निवास कन्या महाविद्यालय से थाना तक बीटी रोड 43.46 लाख, अनुराग मेडिकल से संजय सोनी के घर तक सड़क 27.78 लाख, भागलपुर मेन रोड से आरा मिल तक बीटी रोड 52.64 लाख रुपए शामिल हैं। इसके अतिरिक्त रणजीता स्टेडियम के पास सूर्य नमस्कार चौक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 64 लाख की निविदा खोली गई है। जिसे नवंबर माह में पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

**विधायक की अनुशंसा पर मिली स्वीकृतिः** इन सभी कार्यों की स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा दी गई है। इन प्रस्तावों की अनुशंसा विधायक राममुनी भगत ने की थी, जबकि नगर पालिका परिषद की बैठक में अध्यक्ष अरविन्द भगत ने अनुमोदन कर तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वयंसेवकों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासनताला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 6 नवंबर को शासकीय प्राथमिक शाला हस्तिनापुर के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस रात्रिकालीन सत्र में सहायक कार्यक्रम अधिकारी ममता टोप्पो एवं रेशमा मिंज के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुनकुरी के शिक्षा समिति अध्यक्ष बालेश्वर यादव थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत दाराखरिका की उपसरपंच संतोषी यादव ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मोहम्मद इकबाल अहमद खान, टीकेश्वर यादव, गौरन राम चौहान, सुबोध राम एवं देवकुश राम उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सरपंच संतोष राम, पंचायत सचिव महेंद्र राम सहित ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




### एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास का मंच : खान

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास का मंच है। जिसके माध्यम से नशा मुक्ति, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नारी सशक्तिकरण एवं अंधविश्वास उन्मूलन जैसे कार्यक्रमों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। मुख्य अतिथि बालेश्वर यादव ने युवाओं को बेहतर संस्कार निर्माण का संदेश देते हुए कहा कि एनएसएस से जुड़कर छात्र समाज सेवा के माध्यम से अपने जीवन में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद इकबाल अहमद खान ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वहीं टीकेश्वर यादव ने एन.एस.एस. के इतिहास की जानकारी दी। गौरन राम चौहान ने नशा मुक्ति पर एक प्रेरक गीत प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम के 150 वर्ष हुए पूर्ण

## आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय गीत के महत्व से अवगत कराना हम सभी का दायित्व : रायमुनी

■ वर्ष भर चलने वाले समारोह का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर में एक साथ "वंदे मातरम्"का सामूहिक गायन किया गया। जिससे राष्ट्रभक्ति और एकता का अद्भुत वातावरण बना।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान "वंदे मातरम्"पर आधारित विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इस ऐतिहासिक अवसर का सीधा प्रसारण देश भर के सभी जिलों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में किया गया, जहां अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि एक स्वर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन में शामिल हुए। जशपुर जिले में कलेक्टरेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास, एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार,अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, नगर पालिका जशपुर के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री के साथ "वंदे मातरम्"का सामूहिक गायन करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का संदेश दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का महत्व और आजादी में आंदोलन में इसकी भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने मां भारती के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी नागरिकों को बधाई दी।



### वंदे मातरम एक दृढ़ संकल्प

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि "वंदे मातरम"केवल एक शब्द नहीं, यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, और एक दृढ़ संकल्प है। जहां-जहां आज़ादी की लड़ाई लड़ी गई, वहां"वंदे मातरम" गूंजा। क्रांतिकारी वीर सावरकर से लेकर शहीदों तक, सबके होंठों पर यही शब्द थे। महात्मा गांधी ने 1927 में कहा था कि"वंदे मातरम् अखंड भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है। श्री अरविंदो ने इसे "मंत्र" बताया जो आंतरिक शक्ति को जगाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भले ही भारत का राष्ट्रीय ध्वज समय के साथ बदलता गया हो, लेकिन जब भी वह फहरता है, हमारे हृदय से एक ही स्वर निकलता है "भारत माता की जय! वंदे मातरम। उन्होंने कहा कि आज जब हम इस राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष मना रहे हैं, तो यह उन वीरों के प्रति श्रद्धांजलि है जिन्होंने "वंदे मातरम"कहते हुए प्राण न्यौछावर कर दिए।

### जोश उमड़ पड़ता है इस गीत की गूंज से

विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि भारत की आज़ादी के दीवानों के लिए "वंदे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक मंत्र था। उन्होंने कहा कि गुलाम भारत के दौर में जब यह गीत गूंजता था, तो लोगों के भीतर आज़ादी के लिए मर-मिटने का उत्साह और जोश उमड़ पड़ता था। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को इस राष्ट्रीय गीत के महत्व और उसके ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है, ताकि उनमें भी राष्ट्र प्रेम और समर्पण की भावना जागृत हो सके।

### चार चरणों में होगा वर्ष भर आयोजन

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## खबर संक्षेप



### साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एसएसपी ने ली बैठक

**सोनगरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में आज भटगांव स्थित एसईसीएल के मनोरंजन गृह में साइबर सुरक्षा जागरूकता जन अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत करना था। एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग कॉल और सोशल मीडिया से जुड़ी धोखाधड़ियों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस या साइबर सेल को दें। बैठक में एसईसीएल भटगांव के एरिया महाप्रबंधक दिलीप माधवराव बोबडे ने कंपनी क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। भटगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे साइबर जागरूकता शिविरों की जानकारी साझा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जिला महामंत्री अशोक सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े,पूरन राजवाड़े, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, रविंद्र सिंह,थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एरिया पर्सनल मैनेजर अरुण सिंह, ठाकुर राजवाड़े, राज किशोर खलखो, सुशील मिश्रा, रजनीश पटेल, दिनेश ठाकुर, सहित एसईसीएल के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आईडी, आधार की त्रुटियों से विद्यार्थियों का पंजीयन ठप, तिथि बढ़ाने की मांग

**अम्बिकापुर।** आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने संत गहिरा गुरू विवि के कुलसचिव को ज्ञापन सौंप पंजीयन तिथि में 7 दिन की वृद्धि करने की मांग की है। संत गहिरा गुरू विवि द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के पंजीयन के लिए 7 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है लेकिन एबीसी आईडी एवं आधार की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभी तक अपना पंजीयन नहीं करा सके हैं। निर्धारित तिथि तक पंजीयन नहीं कराने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा तथा वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। रचित मिश्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट को जनरेट कराना आवश्यक निर्धारित किया गया है। एबीसी आईडी की जटिल प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों के आधार में त्रुटि होने व विवरण का मिलान नहीं होने के कारण एबीसी आईडी जनरेट नहीं हो रहा है। आईडी जनरेट करने के लिए विद्यार्थियों को अपने आधार में सुधार कराना पड़ रहा है। च्वाईस सेंटर में भारी भीड़ होने के कारण आधार सुधार में एक सप्ताह का समय लग रहा है। ऐसे में पंजीयन तिथि नहीं बढ़ाई गई तो विद्यार्थियों के भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कुल सचिव से पंजीयन तिथि में 7 दिन की वृद्धि करने की मांग की है।

### पति व परिजनों पर महिला की हत्या के प्रयास का आरोप, पीड़िता ने की थाने में शिकायत



**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर के ग्राम दोलंगी निवासी सजरा खातून ने अपने पति नूरुद्दीन अंसारी सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर मारपीट करने एवं हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना रामचंद्रपुर में दिए शिकायत में बताया कि उसका विवाह नूरुद्दीन अंसारी से सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। शादी के बाद से ही उसके साथ पति, ससुर और देवर द्वारा आए दिन विवाद, गाली-गलौज व मारपीट की जाती रही है। पति द्वारा न तो बच्चों का भरण-पोषण किया जा रहा है और न ही घर-गृहस्थी की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सजरा खातून के अनुसार 6 नवम्बर की दोपहर लगभग 1.30 बजे पति नूरुद्दीन अंसारी, ससुर नसीम अंसारी, देवर मोजममील अंसारी एवं उनकी पत्नी एक राय होकर उनके घर पहुंचे और हत्या के उद्देश्य से लात-घूंसों व डंडे से बेदम पिटाई की। पीड़िता को गंभीर चोटें आईं और आरोपियों ने उसे मृत समझकर घर में बंद कर दिया। घटना की जानकारी पीड़िता के भाई को मिलने पर वह पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा तो पाया कि घर बाहर से बंद था और सजरा खातून बेहोश पड़ी थी। इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पीड़िता ने थाना प्रभारी रामचन्द्रपुर से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आजादी के 78 वर्ष बाद भी गांव में नहीं लग सका एक भी हैंडपंप

# मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी के ग्रामीण



नाला से पानी भरती महिला।



नाला से पेयजल ले जातीं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी की है जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में नाला या तालाब का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में आजादी के 78 साल बाद भी एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**

- गंदी नाला नाली तालाब के पानी को पीने को है मजबूर

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी ग्राम में आजादी के 78 वर्ष बाद भी आज तक बरपानी के लोग निस्तार सहित पेयजल के लिए नाला या तालाब के पानी पर निभर है। गांव में एक भी हैंडपंप नहीं होने के कारण ग्रामीण नाला व तालाब के गंदे पानी को पीने को मजबूर है। गांव में सड़क सहित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरपानी के ग्रामीण प्रतिदिन सुबह, दोपहर और सायं काल अपने अपने घर से बर्तन लेकर छोटे छोटे बच्चों के साथ नाला व तालाब से पानी की व्यवस्था करने में जुट जाते है। हैरानी की बात तो यह है कि ग्रामीण आजादी के बाद से शुद्ध पेयजल से वंचित है बावजूद इसके आज तक कोई भी नेता, मंत्री , प्रशासन द्वारा सुध लेना मुनासिब नहीं समझा जिससे ग्रामीण गंदे पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मूलभूत सुविधा के अंतर्गत सड़क, बिजली, पानी, स्कूल की व्यवस्था कराने में करोड़ों रुपए ग्रामीण इलाकों के लिए खर्च करती है जिसका लाभ कई ग्राम पंचायत को मिला है लेकिन ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी के लोग आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है। गांव में एक भी हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग नाला और तालाब के पानी से निस्तार सहित पेयजल के लिए उपयोग करने को मजबूर है।

### बीमार पड़ते हैं लोग

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

### ग्रामीणों ने की हैंडपंप खनन की मांग

ग्रामीणों में बताया कि गांव में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही गांव में एक हैंडपंप है। जबकि अन्य ग्राम पंचायत में नल जल मिशन योजना के तहत गांव के घरों में नल लगाने व पानी टंकी निर्माण किया गया है लेकिन उस तरह की व्यवस्था ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में नहीं है। ग्रामीणों ने सांसद, चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा,क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर से सोनपुर ग्राम पंचायत के बरपानी गांव में हैंड पंप खुदवाने की मांग की गई है , जिससे ग्रामीणों को आजादी के 78 वर्ष बाद पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### सड़क है निर्माणाधीन

ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में सड़क निर्माणाधीन है। ऐसे में वाहन नहीं पहुंचने के कारण हैंडपंप खनन नहीं हो सका है। जैसे ही सड़क बन जाती हैं तो ग्रामीणों के इस समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा।

-अभिषेक पांडेय
जनपद सीईओ कुसमी

# शिविर में 200 से अधिक लोगों ने जमा किया डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल में पेंशनभोगियों के लिए आयोजित किए जा रहे शिविर में आज गुरूवार को बड़ी संख्या में पेंशनभोगी शिविर में पहुंचकर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट जमा किया।

बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में एसईसीएल व सीएमपीएफओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह एवं सीएमपीएफओ के प्रवर्तन अधिकारी जेके उमेरिया,क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ,दिन भर चले इस शिविर में 200 से अधिक पेंशन भोगियों ने स्वयं उपस्थित होकर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट भरा,प्रवर्तन अधिकारी सीएमपीएफओ जेके उमेरिया प्रबंधक मानव संसाधन हरेंद्र तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार व कोयला मंत्रालय के निर्देश पर पेंशन भोगियों को असुविधा से बचाने ऐसे आयोजन के माध्यम से उन्हें जागरूक कर अब एप के माध्यम से घर बैठे स्वयं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट कर जमा करने प्रेरित किया जा रहा है,उन्होंने बताया कि पेंशन भोगियों को हर वर्ष नवंबर माह में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होता है,तभी उन्हें पेंशन की राशि उनके खाते में आती है,इसके पूर्व लाईफ सर्टिफेकट जमा करने लोगो को बैंक अथवा चॉइस सेंटर में लंबी लाइन लगानी पड़ती थी,लेकिन अब इसे शासन स्तर पर सरल व सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है,आज गुरूवार को सीएमपीएफओ जबलपुर कार्यालय के आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहते हुए लोगों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की विधि बताई गई,टीम के सदस्यों ने उपस्थित जनों को बताया कि मोबाइल के प्ले स्टोर में जाकर उमंग एप अथवा फेस रिडिंग आधार एप डाउन लोड कर इसमें मांगी गई जानकारी को भरकर पेंशनभोगी स्वयं डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट जनरेट कर ऑन लाइन जमा कर सकते हैं।

- केंद्र सरकार के निर्देश पर एसईसीएल व सीएमपीएफ के संयुक्त दल ने लगाया है जागरूकता सुविधा शिविर

# सड़कों का हो रहा पैच रिपेयर



**सूरजपुर।** लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न सड़कों पर बीटी पैच रिपेयर कार्य तेजी से जारी है। कुल 260.55 किलोमीटर लंबाई के इन कार्यों के लिए 699.53 लाख रूपय की राशि स्वीकृत की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार, अब तक 10.20 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य पूरा किया जा चुका है। इनमें बिशुनपुर-सूरजपुर- भैयाथान मार्ग में 3.00 किमी, सूरजपुर रिंग रोड में 6.20 किमी तथा कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा-सलका मार्ग में 1किमी का बीटी पैच रिपेयर कार्य 5 नवंबर तक पूर्ण कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शेष सड़कों पर कार्य तेजी से प्रगति पर है और सभी मरम्मत कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मरम्मत कार्य के पूरा होने से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा।




## उप पंजीयक कार्यालय में काम काज ठप, नागरिकों की बढ़ी परेशानी

**राजपुर।** आम नागरिकों को सस्ता, सुलभ और समय पर न्याय दिलाने की परिकल्पना के तहत सरकार ने प्रदेशभर में उप तहसील, उप पंजीयक कार्यालय और लिंक कोर्ट जैसे छोटे प्रशासनिक ढांचे स्थापित किए थे। परंतु प्रशासनिक उदासीनता के कारण ये व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। इसका ताजा उदाहरण राजपुर उप पंजीयक कार्यालय है जहां 16 अक्टूबर से पंजीयन कार्य पूरी तरह ठप है। कार्यालय के कर्मचारियों के अनुसार, उप पंजीयक चंद्रहास साहू के प्रमोशन के बाद प्रतापपुर उप पंजीयक बसंत कुजूर को राजपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था किंतु उनकी माताजी के अस्वस्थ होने से वे नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। नतीजतन पंजीयन कार्य बंद होने से नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों के लिए प्रतापपुर या बलरामपुर तक जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। इस संबंध में जिला पंजीयक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि अब अर्चना जायसवाल को राजपुर उप पंजीयक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दो दिन निर्धारित कर पंजीयन कार्य कराए जाएंगे ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और लंबित कार्य शीघ्र निपटाए जा सकें।

- 16 अक्टूबर से प्रभावित है कार्य

# त्रुटिपूर्ण गिरदावरी से घट गया धान का रकबा, किसान आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गिरदावरी के दौरान किसानों की धान की फसल का रकबा घटाने को लेकर आदिवासी समाज सड़क पर उतर आया है। सर्व आदिवासी समाज ने त्रुटिपूर्ण गिरदावरी, खरीदी से पूर्व किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। सर्व आदिवासी समाज ने पूर्व पंजीयन के आधार पर किसानों का धान खरीदने समेत छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप उचित कार्यवाही की मांग की है।

- सीएम के नाम सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

विदित हो कि धान खरीदी से पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के खेत मे लगे धान के फसल की गिरदावरी कराई गई है। इस दौरान सही तरीके से गिरदावरी नहीं होने के कारण किसानों का के धान का रकबा काफी कम हो गया है। जिसकी वजह से क्षेत्र के हजारों किसान समितियों में उपज के अनुसार धान बेचने से वंचित हो जायेंगे। रकबा घटने से परेशान किसानों ने इसमे सुधार के लिए काफी प्रयास किया पर उन्हें सफलता हासिल नहीं हुई। जिसके बाद सर्व आदिवासी समाज ने किसानों के इस मुद्दे को उठाया और सरकार के इस निर्णय को बेतुका बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में किसानों के धान का रकबा घटाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह मरावी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह रवैया किसान विरोधी रवैया है। धान खरीदी से पूर्व गिरदावरी के लिए प्रदेश सरकार एवं निजी कंपनियों के बीच अनुबंध हुआ था। अनुबंध के बाद निजी कंपनियों के अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा धान की गिरदावरी की गई जिसमें किसानों का रकबा कम कर दिया गया। जबकि गिरदावरी का कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जाता तो ऐसी नौबत नहीं आती। विरोध प्रदर्शन के बाद सर्व आदिवासी समाज ने तहसील कार्यालय पहुंचकर रकबा में सुधार, पूर्व में हुए पंजीयन के आधार पर धान खरीदी करने, वनभूमि एवं शासकीय भूमि के पट्टाधारी किसानों का धान खरीदी करने समेत छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, अनिल निराला, आरडी सिंह, सुनील बखला, नागेश्वर भगत, सुखदेव भगत, शरद गुप्ता, संतोष बेक, पंकज दुबे, रतन यादव समेत काफी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपते किसान।

## सहकारी समितियों में हड़ताल के साथ उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारी शुरू

**राजपुर।** आगामी 16 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने जा रही है। खरीदी से पहले जहां सहकारी समिति कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं, वहीं दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। संघ की प्रमुख मांगों में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की संपूर्ण सुखद राशि समितियों को प्रदाय, साप्ताहिक धान परिवहन की व्यवस्था, धान खरीदी में शॉर्टेज, प्रोत्साहन, कमीशन और सुरक्षा व्यय में वृद्धि शामिल है। इसके साथ ही कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य विक्रेताओं को 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय देने और आउटसोर्सिंग से ऑपरेटर की नियुक्ति समाप्त कर विभागीय रूप से नियमितीकरण की मांग भी की है। इधर राजपुर सहित अन्य उपार्जन केंद्रों में फंड उपलब्ध कराने, परिसर की सफाई, बोरा भंडारण और अन्य आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है ताकि खरीदी कार्य 15 नवंबर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। इस बीच, किसानों के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल परेशानी का कारण बना हुआ है। पोर्टल में लगातार तकनीकी दिक्कतें आने से कई किसान पंजीयन के लिए तहसील कार्यालय और सहकारी समितियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।



## विकासखंड स्तरीय कर्मा नृत्य प्रतियोगिता, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# सरगुजा की लोक कलाएं राष्ट्रीय मंचों पर बनाएंगी पहचान : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को साक्षरता मिनी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय लोक नृत्य (कर्मा) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए 13 लोक नृत्य दलों ने अपनी मनमोहक एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों से समूचे सभागार को लोक रंग में रंग दिया।

पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत और ताल-लय से सजी इन प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के इस रजत जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में लोक संस्कृति और जनभागीदारी का उत्सव मनाया जा रहा है। लखनपुर की यह प्रतियोगिता हमारे समृद्ध लोक नृत्य कर्मा परंपरा की जीवंत झलक है। आने वाले समय में सरगुजा की ये लोक कलाएं राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाएंगी। पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि लोक नृत्य और लोकगीत हमारी संस्कृति की जड़ हैं। इन्हें संजोना, आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर राजवाड़े एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लोक धरोहर को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखा जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीपरखार के नर्तक दल, द्वितीय स्थान तिरकेला के नर्तक दल व तृतीय स्थान बिनकरा के नर्तक दल ने हासिल किया।

निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन कर तीनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री ने सभी 13 लोक नृत्य दलों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक दल को 6-6 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कमेश्वर राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, नीरज अग्रवाल, जनपद सदस्य रजनी सिंह, भज्जू सिंह, नीतू सिंह, सुदर्शन सिंह, लक्ष्मण साहू, नीरज अग्रवाल, सुरेश जायसवाल, कर्मेंद्र राजवाड़े, राजकुमारी सिंह, चंद्रिका यादव, महेश्वर राजवाड़े, जयराम राजवाड़े, अमित बारी, बुधन सिंह, गर्भना राजवाड़े, प्रभु सिंह, घरभरन राजवाड़े, सुदर्शन मानिकपुरी, गणेश्वरी राठिया, दिलबरो मरावी, मैनेजर सिंह, लीलावती, प्रकाश खलखो, अनिल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, अरविंद गुप्ता, मनीष वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।





# जन नायकन का नया पोस्टर जारी, दिखा विजय का धांसू लुक

**मुंबई।** थलपति विजय की नई फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर आज गुरुवार को जारी किया गया। फिल्म के निर्माता केवीएन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्टर साझा कर प्रचार शुरू करने की घोषणा की। यह घोषणा तब हुई जब तमिलनाडु वेत्री कजगम (टीवीके) ने बुधवार को विजय की मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी की घोषणा की। थलपति विजय की आगामी फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर निर्माताओं ने एक्स पर जारी किया और लिखा, 'चलो शुरू करते हैं।' इसमें विजय को जनता के नेता के रूप में दिखाया गया है। वह नीली शर्ट और एविएटर चश्मे में भीड़ के बीच खड़े हैं। यह पोस्टर विजय को आम आदमी के नेता के रूप में दर्शाता है।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## बॉलीवुड के बाद साइन की तेलुगू फिल्म

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जिस चेहरे ने सबसे अधिक सुर्खियां बटोरी वो थीं मोनालिसा। महाकुंभ में घूम-घूम कर माला बेचने वाली मोनालिसा को तब तक अंदाजा भी नहीं था कि आगे उनकी जिंदगी किस तरह पलटी मारने वाली है।

इंदौर की ये मोनालिसा भोंसले वहां मौजूद भीड़ के बीच अपनी खूबसूरत आंखों और नैन-नक्श की वजह से सबके आकर्षण का केंद्र बन गईं। अपने सांवले रंग, एम्बर आंखें, और लाजवाब नैन-नक्शन के कारण वो रातों रात सोशल मीडिया पर सनसनी बन गईं। वहीं अब मोनालिसा ने एक और ऊंची छलांग लगाई है। अब उन्हें गाने के साथ-साथ फिल्मों में भी मौका मिला है। बताया जा रहा है कि मोनालिसा बॉलीवुड में पहली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' कर चुकी हैं, जिसका निर्देशन सनोज मिश्रा ने किया है। फिल्म में मोनालिया ने एक आर्मी ऑफिसर की बेटी का किरदार निभाया है। अब इसी के साथ मोनालिसा ने साउथ फिल्मों की तरफ कदम बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा अब तेलुगु की एक फिल्म करने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि तेलुगू फिल्म 'लाइफ' में एक्टिंग करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर उन्होंने मीडिया से मुलाकात और बातें भी की, जिसका वीडियो सामने आया है। अब इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आ रहे हैं। बताया ये भी जा रहा है कि ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसमें मोनालिसा, 'क्रश' और 'इट्स ओके गुरु' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हीरो चरण साईं के साथ नजर आनेवाली हैं।



हॉलीवुड मसाला




# विद्युत को देखकर उड़ाया था मजाक

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता विद्युत जामवाल लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'स्ट्रीट फाइटर' के लाइव-एक्शन रीबूट के साथ हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। अभिनेता फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में एंड्र्यू शुल्ज ने विद्युत के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया। इस मुलाकात को खास बताते हुए एंड्र्यू ने कहा कि कैसे उन्हें पहले लगा कि विद्युत ने एक ड्रेस पहन रखी है और वे उन्हें इसके लिए चिढ़ाने लगे। यह महसूस नहीं कर पाए कि अभिनेता आमतौर पर ऐसे ही कपड़े पहनते हैं। मार्शल आर्ट को लेकर बात करते हुए अभिनेता कहा कि विद्युत ने मार्शल आर्ट को बढ़ावा दिया है।




# फातिमा ने मूर्ख कहने पर बीच में छोड़ी मिस यूनिवर्स की स्पर्धा

**लॉस एंजिल्स।** मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता 21 नवंबर को थाईलैंड में होने वाली है। इससे पहले ही इस प्रतियोगिता में विवाद शुरू हो गया है। 4 नवंबर को बैंकॉक में एक कार्यक्रम के दौरान, मिस मैक्सिको फातिमा बॉश को थाई प्रतियोगिता निदेशक नवात इत्सराग्रिसिल ने मूर्ख कहा। इसके बाद वह प्रतियोगिता से बाहर चली गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इत्सराग्रिसिल ने एक शूट में मौजूद न रहने पर बॉश से पूछताछ की। इससे पहले कि फातिमा बॉश अपनी सफाई देतीं, थाई निदेशक ने बीच में ही टोक दिया और कहा, 'अगर आप अपने राष्ट्रीय निदेशक के आदेशों का पालन करती हैं, तो आप मूर्ख हैं।' इत्सराग्रिसिल का यह बयान फातिमा को पसंद नहीं आया और वह कई दूसरे प्रतियोगियों के साथ कार्यक्रम से बाहर चली गईं। यहां तक कि वर्तमान मिस यूनिवर्स विक्टोरिया केजर थेलविग ने भी मिस मैक्सिको का समर्थन किया और कार्यक्रम छोड़ने का फैसला लिया।



# बॉर्डर-2 से वरुण की तस्वीर वायरल

**मुंबई।** बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने सनी देओल के बाद अब वरुण धवन का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर दिया है। ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये फिल्म अगले साल जनवरी महीने में रिलीज होने वाली है। ये 'बॉर्डर' फिल्म का सीक्वल है, जो 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। 'बॉर्डर 2' फिल्म से वरुण धवन का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म से सनी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया था। ये मूवी 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। 'बॉर्डर 2' फिल्म से अपने लुक को शेयर करते हुए वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'देश का सिपाही पीवीसी होशियार सिंह दहिया।' उनके इस पोस्ट पर खूब रिएक्शन आ रहे हैं।



# 120 बहादुर फिल्म में शौर्य की कहानी

**मुंबई।** फरहान अख्तर की मच अवेटेड वॉर-ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले फिल्म का टीजर और गाने सामने आए थे, जिन्हें मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से दो हफ्ते पहले ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में जबरदस्त जंग और भारतीय सैनिकों के शौर्य की कहानी देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत अमिताभ बच्चन की आवाज में एक वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो बोलते हैं, 'कभी वो दिन थे जब भारत ने चीन को सिर्फ अपना पड़ोसी नहीं, बल्कि बड़ा भाई माना था। लेकिन, 1962 को पता चला कि ये भाईचारे की भावना दोनों तरफ से नहीं थी। ये हमला एक विश्वासघात था।' 2 मिनट 48 सेकंड के इस ट्रेलर में 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई को दिखाया गया है।

टीवी मसाला





# अनुपमा ने मारी बाजी, क्योंकि सास भी कभी बहू थी दूसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी की टीआरपी लिस्ट आ चुकी है और इस बार का परिणाम भी दर्शकों के बीच खूब चर्चा में है। 43वें हफ्ते की रिपोर्ट में साफ नजर आया कि स्टार प्लस के सीरियल्स ने एक बार फिर बाजी मार ली है। अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच मुकाबला इतना नजदीकी रहा कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी पसंदीदा शो के लिए जंग छेड़े हुए हैं। रुपाली गांगुली स्टारर शो अनुपमा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह कायम रखी है। शो ने इस हफ्ते 2.1 की टीआरपी के साथ नंबर वन पोजीशन संभाली। बीते हफ्ते के मुकाबले इसमें हल्की गिरावट जरूर आई है, लेकिन कहानी में दिखाया जा रहा बदले का ट्रैक दर्शकों को बांधे हुए है। स्मृति ईरानी की वापसी के बाद यह शो एक बार फिर दर्शकों का पसंदीदा बन गया है। इस हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 ने 2.0 की टीआरपी हासिल की और सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शो में तुलसी का किरदार फिर से दर्शकों के बीच चर्चा में है। पारिवारिक ड्रामा, इमोशन्स और पुराने अंदाज़ में ट्विस्ट भरे प्लॉट ने लोगों को जोड़े रखा है। स्टार प्लस का एक और शो उड़ने की आशा ने भी टीआरपी चार्ट में अपनी जगह मजबूत की है। इस शो ने इस हफ्ते 1.8 की रेटिंग पाई और तीसरे पायदान पर बना रहा। शो में एक मध्यमवर्गीय लड़की के सपनों की उड़ान को दिखाया गया है, जो मुश्किल हालातों में भी हिम्मत नहीं हारती। जी टीवी का शो तुम से तुम तक इस हफ्ते 1.8 टीआरपी के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसकी कहानी दो परिवारों और प्रेम के बीच टकराव पर केंद्रित है। रोमांस और ड्रामा के सही मिश्रण ने दर्शकों को बांधे रखा है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' हमेशा से दर्शकों के दिलों के करीब रहा है। इस बार शो ने 1.8 की टीआरपी के साथ टॉप 5 में जगह बनाई है।

## अब हिना ने की काजोल की एक्टिंग

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री हिना खान अपने फैंस को कुछ न कुछ करके हैरान कर देती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर करीना कपूर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 'पू' के किरदार की एक्टिंग की थी। जिसका वीडियो उनके फैंस को बेहद पसंद आया। वहीं आज हिना ने इसी फिल्म से काजोल के एक डायलॉग को दोहराया। जिसको सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। हिना ने राजस्थानी लहंगा और शाही गहनों के साथ हल्का मेकअप लुक अपनाया। जिसे देख फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। हिना ने फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में काजोल के मशहूर डायलॉग 'वो मेरी दुकान हडपना चाहता है' को मस्ती भरे अंदाज में पेश किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'और रीलिंग जारी है ।' इस पोस्ट पर अभिनेता रोहित रॉय ने कमेंट किया, 'प्रिय, तुम्हारी चमक को कोई फीका नहीं कर सकता।'



# महाअवतार में भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे विक्की



**मुंबई।** छावा की सक्सेस के बाद विक्की कौशल अपने नए प्रोजेक्ट में लग गए हैं। उनकी नई फिल्म भी काफी बड़े पैमाने पर आने वाली है जिसके लिए उन्होंने अपनी डाइट से लेकर लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। विक्की कौशल जल्द ही स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक के साथ विष्णु के चिरंजीवी परशुराम पर बनने वाली कहानी में काम करेंगे। इसका टाइटल 'महावतार' बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट का दावा है कि इस फिल्म के लिए वह शराब-नॉनवेज तक छोड़ देंगे। विक्की कौशिल और अमर कौशिक ने 'महावतार' के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वह दर्शकों को एक शानदार कहानी और विजुअल के साथ ग्रैंड एक्सीपीरियंस देना चाहते हैं। एक्टर ने तो 'महावतार' के लिए नॉनवेज छोड़ने का भी फैसला लिया है। अगले साल पूजा मुहूर्त के बाद फिल्म पर काम शुरू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'महावतार' अगले साल अंत तक फ्लोर पर आएगी। उम्मीद की जा रही है कि 2028 तक फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो। बता दें विक्की कौशल इस वक्त रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म अगले साल आएगी।

*संजीव कुमार ने कई फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता। कुछ किरदार तो ऐसे निभाए जो वक्त के साथ रहते लोगों के दिलों में अमर हो गए, जिनमें फिल्म 'शोले' के ठाकुर का रोल हो या फिर फिल्म 'आंधी' के जेके का किरदार। उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा है।*

# फिल्म के सेट पर घंटों अपने किरदार में डूबे रहते थे संजीव कुमार



**मुंबई।** संजीव कुमार, जिनका असली नाम हरिहर जेठालाल जरीवाला था। उनका जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत, गुजरात में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में हिंदी सिनेमा में कदम रखा।

***संजीव कुमार का कॅरियर :*** संजीव कुमार ने 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर तरह के किरदार निभाने में माहिर बनाया। वह कॉमेडी, ड्रामा और गंभीर किरदारों को बखूबी निभाते थे। उन्होंने 1975 में फिल्म 'शोले' में ठाकुर के किरदार से हर किसी के दिलों में खास जगह बनाई, जिसे दर्शक आज भी देखना पसंद करते हैं। फिल्म 'आंधी' में उनका संजीदा अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आया। तो वहीं कॉमेडी फिल्म 'अंगूर' में उनके डबल रोल की तारीफ आज भी होती है। इसके अलावा फिल्म 'नमकीन' और 'कोशिश' में उनके भावनात्मक अभिनय ने सबका दिल जीता। उन्होंने अपने कॅरियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार जीते, जिसमें दो राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं।

***फिल्म के सेट के रोचक किस्से :*** संजीव कुमार सेट पर अपनी सादगी और मेहनत के लिए जाने जाते थे। 'शोले' का किस्सा, जब फिल्म में ठाकुर का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अपने किरदार को इतना गहराई से समझा कि सेट पर वह घंटों किरदार में डूबे रहते। 'अंगूर' की शूटिंग के दौरान वह और उनके सह-कलाकार उत्पल दत्त सेट पर मजाकिया माहौल बनाए रखते थे, जिससे सीन और भी मजेदार बन गए। वह अक्सर सेट पर अपने सह-कलाकारों के साथ स्क्रिप्ट पर चर्चा करते और सुझाव देते, जिससे सीन को और बेहतर बनाया जाता।

## सिनेमाघरों में इमरान और यामी की अदाकारी वाली 'हक' आज होगी रिलीज

# असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं ये फिल्में; दिखीं कानूनी पेचीदगियां

*नई दिल्ली। इमरान हाशमी और यामी गौतम की अदाकारी वाली फिल्म 'हक' सात नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म शाह बानो केस पर आधारित है। इस केस ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकार को लेकर बहस छेड़ दी थी। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं।*

**जॉली एलएलबी (2013) :** फिल्म जॉली एलएलबी साल 1999 में हुए बीएमडब्ल्यू हिट-एंड रन मामले से प्रेरित थी। संजीव नंदा नाम के कारोबारी पर आरोप था कि उन्होंने 6 लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। फिल्म में अरशद वारसी ने एक वकील की दमदार भूमिका निभाई थी। इसमें दिखाया गया था कि कैसे गरीब लोग कानूनी सिस्टम में उलझ जाते हैं।

**नो वन किल्ड जेसिका (2011) :** यह फिल्म 1999 के जेसिका लाल मर्डर केस पर आधारित थी। इसमें एक पॉलिटिशियन का बेटा एक मॉडल और बार टेंडर का इसलिए कत्ल कर देता है कि उसे उसने ड्रिंक नहीं दी। फिल्म में जेसिका को न्याय दिलाने का संघर्ष दिखाया गया था। इसमें विद्या बालन और रानी मुखर्जी ने अहम किरदार निभाया था।

**रुस्तम (2016) :** केएम नानावटी केस साल 1959 का एक चर्चित केस था। इसमें नौसेना अधिकारी रुस्तम पावरी पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या का आरोप था। यह फिल्म इसी केस पर आधारित थी। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय किया था। फिल्म में रोमांचक कोर्टरूम ड्रामा दिखाया गया है।



**शाहिद (2012) :** यह फिल्म असल जिंदगी के केस पर आधारित थी। दरअस शाहिद आजमी नाम के एक वकील थे जो आतंकवाद के झूठे केस में फंसाए गए लोगों का केस लड़ते थे। यह फिल्म उनकी जिंदगी पर आधारित थी। इसमें शाहिद का किरदार राजकुमार राव ने निभाया था। फिल्म कानून व्यवस्था में गड़बड़ियों से पर्दा उठाती है।

**तलवार (2015) :** मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2008 के नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित थी। नोएडा में 14 साल की आरुषि तलवार और उनके हेल्पर हेमराज को मृत पाया गया था। फिल्म में पुलिस की लापरवाही और गलत जांच प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया था। इसमें इरफान खान ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**सेक्शन 375 (2019) :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'सेक्शन 375' बॉलीवुड के एक कलाकार के केस (2009) पर आधारित थी। यह फिल्म भारत में दुष्कर्म कानून की जटिलताओं को दिखाती है। इसमें दिखाया गया था कि एक निर्देशक पर अपनी असिस्टेंट के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। फिल्म में अक्षय खन्ना और ऋचा चड्ढा ने वकील की भूमिका निभाई थी। दोनों कोर्टरूम में बेहतरीन तरीके से अपने पक्ष को रखते हैं।

**भागवत: चैप्टर वन- राक्षस (2025) :** यह फिल्म सायनाइड मोहन के वास्तविक जीवन के मामले से प्रेरित थी। यह फिल्म एक ऐसे हत्यारे की कहानी है जो महिलाओं को अपने प्यार के जाल में फंसाकर जहर देकर मार डालता था। इसमें अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार ने अहम किरदार निभाया था।

**खबर संक्षेप**

## वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर आयोजन

**रायगढ़।** वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ अवसर पर पूरे जिले में चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि यह आयोजन चार चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरणः 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय चरणः 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरणः 7 से 15 अगस्त 2026 हर घर तिरंगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरणः 1 से 7 नवम्बर 2026 समापन सप्ताह तक निर्धारित है। इस अवसर पर जिले में वंदे मातरम के विभिन्न रूपों पर आधारित संगीत समारोह, लघु फिल्म प्रदर्शन, स्मारक डाक टिकट और सिक्का विमोचन की फिल्म, कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली एवं प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के विद्यालयों में बैंड की प्रस्तुतियों के माध्यम से वंदे मातरम पर आधारित सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड के दल इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम को समर्पित विशेष सभाएं, निबंध, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगीए ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया जा सके। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु समुचित तैयारी करने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अंडर 14 क्रिकेट में रायगढ़ पहुंची सेमीफाईनल में

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा करवाए जा रहे अंडर 14 क्रिकेट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता में रायगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरगुजा को 55 रनों से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ ने 10 विकेट खोकर 182 रन बनाए। जिसमें सौर्य पाण्डे ने 41 आरव शर्मा ने 30 लोकेश सिदार ने 22 व अनमोल भारती ने 21 रन बनाकर बड़ी भूमिका निभाई। वहीं जवाब में सरगुजा ने बैटिंग करते हुए केसरी की 57 रन की बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला किया। लेकिन बाकी सभी बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। अंत में रायगढ़ ने 55 रनों से मुकाबला जीत लिया। कोच चंद्रेश साहू के मार्गदर्शन में रायगढ़ की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए लोकेश सिदार ने 4 विकेट अनमोल भारती ने 2 व चंद्रप्रकाश साहू तथा धनंजय बैरागी ने 1.1 विकेट लिया। रायगढ़ की इस बड़ी जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता, मैनेजर रोहित नामदेव आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ काम पूरा करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अब निर्माण कार्यों की होगी मॉनिटरिंग, गुणवत्ता में समझौता तो निबटेंगे अधिकारी और ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर ने बुधवार को विभिन्न निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण किया जाए ताकि विकास के लक्ष्य समय पर पूरे हो सकें। बैठक में कलेक्टर ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की निविदा, भू अर्जन, बजट स्वीकृति और प्रगति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने 2024-25 और 2025-26 के बजट में स्वीकृत सड़क, पुल पुलिया और भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को टेंडर पूर्ण हो चुके कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच, केलो प्रोजेक्ट और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग सहित अन्य निर्माण एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित भू अर्जन प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से किया जाए और जो प्रकरण राज्य शासन स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजे जाने हैं, उन्हें तत्काल भेजा जाए। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में स्वीकृत सड़कों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अप्रारंभ सड़कों को शीघ्र प्रारंभ करने और प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही महतारी सदन सहित अन्य अप्रारंभ भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर बल दिया। कलेक्टर ने रायगढ़ शहर के सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने केलो प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2025-26 के बजट में प्रस्तावित शहरी विकास कार्यों के लिए राज्य शासन को बजट प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। सेतु विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले के शहरी, मैदानी और वनांचल क्षेत्रों में पुल पुलिया निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने टिनमिनी नवापाली मार्ग के मध्य बोरोनाला पुल, पुसौर रेंगालपाली मार्ग में कसाईनाला पुल, रायमेर ससकोबा मार्ग पर मांड नदी पुल, तेन्दुमुड़ी बेहरामुड़ा मार्ग में कुरकुट नदी पुल, तुरेकेला तिऊर मार्ग पर सपनई नाला पुल तथा नरकालो बायसी मार्ग पर मांड नदी पुल जैसे प्रमुख कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत महतारी सदन, सखी वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड भवन परिसर में शौचालय निर्माण, राष्ट्रीय आयुष मिशन, समग्र शिक्षा, पीएमश्री एवं लोक शिक्षण मद के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा की और प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना, डीएमएफ मद और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही 2025 में स्वीकृत सड़कों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्मिलित 84 निर्माण कार्यों में से 81 कार्यों के प्राक्कलन भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 33 कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।





## घर-घर जाकर मतदाताओं का किया जा रहा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है। इस कार्य के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा जिले के सभी पंजीकृत मतदाताओं का घर घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में समस्त बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बीएलओ अपने अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक भरवाने के साथ साथ नए एवं भावी मतदाताओं से फार्म 6 भरवाकर नाम जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले के सभी तहसील और जिला स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क की स्थापना की गई है, जहां उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स मतदाताओं को नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, टोल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से भी मतदाता अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वर्तमान मतदाता सूची 2025 के साथ साथ पूर्व में वर्ष 2003 में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के मतदाताओं का भी सत्यापन किया जा रहा है। मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर स्वयं भी अपने विवरण की जांच कर सकते हैं और ऑनलाइन गणना पत्रक भरकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

# परिवहन विभाग का सेवा शिविर डिजिटल सेवाओं से लोग हुए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिकों को आधुनिक परिवहन सेवाओं की जानकारी एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 2 से 4 नवम्बर तक शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में परिवहन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्टॉल नंबर 34 के माध्यम से आम नागरिकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस, एचएसआरपी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट आवेदन तथा वाहन फिटमेंट जैसी प्रमुख सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में परिवहन विभाग की डिजिटल सेवाओं का व्यापक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कुल 102 नागरिकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस की सुविधा दी गई, 43 नागरिकों द्वारा एचएसआरपी आवेदन किए गए तथा 89 नागरिकों को रोड सेफ्टी आई वीडियो के माध्यम से सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन और डिजिटल परिवहन सेवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर डिजिटल आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाइन लाइसेंस सुविधा और परिवहन विभाग की नई सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपस्थित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आम जनता के लिए सुविधाजनक होने के साथ साथ समय की भी बचत करते हैं और डिजिटल सेवाओं को अपनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप ने बताया कि नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसे सेवा शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक तक परिवहन विभाग की डिजिटल सेवाएं सहज रूप से पहुंच सकें।




# अवैध धान की मॉनिटरिंग करने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, फ्लाइंग स्क्वायड और कंट्रोल टीम सक्रिय

- 10 अंतरराज्यीय एवं 15 आंतरिक चेकपोस्ट स्थापित
- चार बड़ी कार्रवाइयों में जब्त हुआ 500 क्विंटल से अधिक धान

**रायगढ़।** जिले में 15 नवम्बर से धान उपार्जन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आगामी खरीदी सत्र हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के साथ साथ अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर चतुर्वेदी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी परिस्थिति में अवैध धान परिवहन या भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार खरीदी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाना चाहिए ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तौल मशीन, बारदाना, पेयजल, बिजली एवं सुरक्षा व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाएं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों एवं समितियों को प्रशिक्षण देकर कार्य प्रणाली से अवगत कराया जा रहा है, ताकि खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। धान खरीदी की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक जिला स्तरीय कंट्रोल टीम गठित की गई है। प्रत्येक तहसील में फ्लाइंग स्क्वाड और कंट्रोल टीम भी गठित की गई हैं, जो क्षेत्रीय स्तर पर सतत निगरानी रखेंगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए 10 अंतरराज्यीय और 15 आंतरिक चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां संबंधित विभागों के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में अवैध धान परिवहन से संबंधित चार बड़ी कार्रवाइयां की गई हैं। रेंगालपाली अंतरराज्यीय बैरियर पर ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा एक ट्रक जब्त किया गयाए जिसमें 500 बोरियों में धान लदा हुआ था। तमनार तहसील के ग्राम बासनपाली में एक मालवाहक वाहन से 100 बोरियां अवैध धान पकड़ी गईं है। जमुना चेकपोस्ट पर ओडिशा की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन से 60 बोरियां धान जब्त की गईं है। धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम उदउदा में 1200 कट्टा अवैध धान भंडारण पाया गया, जिसे प्रशासनिक अभिरक्षा में लेकर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



## पुसौर के 10 जोन में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**पुसौर।** सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जिले व विकास खंड में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक ब्लाक को 10 जोन में विभक्त किया गया है और 1 जोन में 10 ग्रामों को शामिल किया गया है। प्रथम चरण में खिलाड़ियों को अपने जोन में अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा इसके बाद ब्लाक में और क्रमशः जिला, संभाग और प्रदेश स्तर में होगा। इसी कड़ी में बीते दिनांक को पुसौर के इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में पुसौर जोन क्षेत्र के 10 ग्राम गुडु, तरडा, छींच नगर पंचायत पुसौर सहित कई ग्राम के खिलाड़ी गण अपना अपना करतब दिखाया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, प्राचार्य अमरबेली केरकेट्टा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सत्ता पक्ष के लोग मौजुद रहे। इस जोन के प्रभारी करारोपण अधिकारी दिनेश कुमार पंडा है इनके सहयोगी के रूप में नावापाली सचिव व सचिव संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साव सहित अन्य सचिव एवं शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे।



## सांसद राठिया ने किया 3 दिवसीय संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा ब्लॉक में संकुल वार सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकासखंड को प्रमुख संकुल केंद्रों में विभाजित कर किया गया है। इसी संदर्भ मे बैहामुड़ा विद्यालय परिसर के खेल मैदान में बालक घरघोड़ा, कन्या घरघोड़ा एवं बैहामुड़ा संकुल अन्तर्गत आने वाले पंचायत केंद्रों के युवा संवर्ग एवं हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी विद्यालय के युवा छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराते हुए खेल महोत्सव में उत्साहपूर्वक विविध खेलों मे भाग लिए हैं। उक्त तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनूराम पैंकरा जनपद पंचायत सदस्य लीलावती गुप्ता एवं जनपद सदस्य संतोष राठिया एवं सरपंच हेम सिंह राठिया भेंड्रा, छेदी लाल पैंकरा चारभाटा आदि जनप्रतिनिधि एवं नरेश पंडा जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश पटेल मंडल अध्यक्ष जैनेश्वर मिश्रा आदि साथ मे उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया एवं राजगीत की प्रस्तुति की गई। लोकसभा सांसद राठिया ने शासकीय क्षेत्रों मे छात्राओं के हित में चलायी जा रही योजनाओं के संबंधित जानकारी देते हुए अनुशासन पूर्वक खेल में भाग लेने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा की राष्ट्र के नवनिर्माण मे एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को क्रियान्वयन करने में युवा छात्र छात्राओं की विशेष भूमिका है।



## नकली पेंडर्म प्लस क्रीम बेचने वाला आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नकली पेंडर्म प्लस क्रीम (त्वचा संक्रमण की दवा) बेचने वाले दुकानदार को ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने गिरफ्तार कर 14 दिनों के लिए सलाखों के पीछे भेजा है। नकली दवाओं को लेकर इस तरह की कार्रवाई छत्तीगढ़ में दूसरी व रायगढ़ में पहली बार हुई है।

दरअसल औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा 21 जुलाई को पुरानी हटरी बाजार स्थित फर्म रोजलाईफ (मनिहारी जनरल दुकान) में छापेमार कार्रवाई की गई थी। इस प्रोप्राईटर सतीश अंबुवानी व संचालक राज कुमार अंबुवानी भी उपस्थित थे। उनके द्वारा बिना लाइसेंस पेंडर्म प्लस क्रीम विक्रय किया जा रहा था, जिस पर टीम ने कार्रवाई तो की ही, लेकिन उक्त कीम पर संदेह होने पर उसका नमूना संकलित कर विश्लेषण के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसका रिपोर्ट आ गया है। शासकीय विश्लेषक द्वारा जांच के उपरांत उक्त क्रमी को नकली घोषित किया गया। जोकि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 17 बी (बी) व (ए) 18ए, 18 (सी) सहित दण्डनीय धारा 27 (सी), 28, 27(बी) (आईआई) के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 36 एसी के तहत संज्ञेय तथा अजमानती अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर व उनकी टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पेज 1 का शेष

## पर्यटक जशपुर की...

असम आदि जगहों में यह सुविधा उपलब्ध रहती है।

हरी-भरी वादियों में बिता रहे सुकुन के पल

जशपुर जम्बुरी में लगभग 120 पर्यटकों ने देशदेखा में रॉक क्लाइंबिंग का आनंद पूरी सुरक्षा और विशेषज्ञों की निगरानी में ले रहे हैं। पर्यटक प्रकृति के बीच हरी-भरी वादियों में सुकुन के पल बिता रहे हैं। रॉक क्लाइंबिंग एक प्रकार का एक पर्वता रोहण खेल है। जिसमें प्राकृतिक चट्टानों या कृत्रिम दीवारों पर चढ़ना शामिल हैं।

लोक कलाकारों के साथ जमकर झूमे पर्यटक

जशपुर जम्बुरी में पहले दिन 120 पर्यटकों का पंजीयन किया गया है। स्थानीय पाए जाने वाले शुद्ध दोना पत्तल में जशपुर का भोजन परोसा गया है। पर्यटक जशपुर की लोक संस्कृति, लोक नृत्य, परंपरागत भोजन का आत्मीयता से आनंद लिया। जशपुर में आए मेहमानों का आदर सत्कार देखकर पर्यटक बहुत खुश हुए। संध्या बेला में चांदनी रात में आसमान के सितारों के नीचे में जशपुर लोक संस्कृति लोक नृत्य और लोक कलाकारों के साथ जमकर झूमें और लोक नृत्य का भरपूर आनंद लिया। पर्यटकों के लिए जिला प्रशासन ने स्टार ग्रेजिंग सेशन का आयोजन किया था।

## रोमांच, प्रकृति और ...

हर प्रतिभागी के लिए यादगार रहा। जिला प्रशासन द्वारा संचालित क्रीड़ा परिसर, नवसंकल्प एवं नवगुरुकुल के तहत चयनित मेधावी बच्चों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

एडवेंचर गतिविधियों में दिखा उत्साह

जंबूरी के दूसरे दिन बॉक्स क्रिकेट, एटीवी राइडिंग और नेट बॉल जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों को उत्साह से भर दिया। एटीवी बाइक राइडिंग के दौरान युवाओं ने जंगलों के बीच मिट्टी के रास्तों पर गति और संतुलन का रोमांच महसूस किया। नेट बॉल और क्रिकेट मुकाबलों में भी प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

सुबह की शुरुआत बर्ड वॉचिंग से

रायपुर से आई प्रतिभागी नीलिमा यादव ने बताया कि वे जंबूरी के दौरान होम स्टे में ठहरीं और सुबह 4 बजे से बर्ड वॉचिंग में शामिल हुईं। जिसमें 18 प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में चार तरह की साहसिक गतिविधियों में भाग लेने का अनुभव बेहद रोमांचक रहा।

प्रतिभागियों ने साझा किए अपने अनुभव

कबीरधाम जिला से आए राकेश जायसवाल और संजय यादव ने कहा कि वाटर एक्टिविटीज़ का अनुभव शानदार रहा। उन्होंने वाटर साइकलिंग, एटीवी बाइक राइडिंग और कल्चरल एक्टिविटीज़ का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कैंपिंग का अनुभव यादगार रहा। बस्तर क्षेत्र के कोंडागांव जिला से आई रागिनी जायसवाल ने कहा कि "अब तक हमने बस्तर की खूबसूरती देखी थी, अब जशपुर की वादियों का अनुभव मिला है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है।" आने वाले दिनों में भी यह आयोजन जशपुर को छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर नई ऊंचाई देगा।

## पूर्व आयकर कमिश्नर ...

कुनकुरी जिला जशपुर का रहने वाले हैं। एक गरीब परिवार में मेरा जन्म हुआ था। अपने गांव से 18 किलोमीटर पैदल चलकर प्रताप बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल घोलेंग में स्कूली शिक्षा ग्रहण किया। आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ के मूल निवासियो में पहले आदिवासी समाज के आईआरएस अधिकारी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी वर्ष 30 जून 2025 को वे आयकर कमिश्नर के पद से रिटायर्ड हुए हैं। मेरा परिवार शुरू से ही कांग्रेसी विचारधारा का रहा है। वे स्वयं भी कांग्रेस की नीतियों से काफी प्रभावित रहे हैं। वे कांग्रेस पार्टी के लिए मेहनत कर पार्टी की नीति विस्तार और संगठन की मजबूती पर लगातार काम करेंगे। पार्टी उसे जो भी दायित्व देगी उसे जी जान से पूरा करने मेहनत करेंगे।

